समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# गूगल मे फिर से छंटनी- कंपनी ने 200 कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता ; आखिर क्यों काम से निकाले जा रहे लोग ?

Publisher Published on 08 May 2025




**पिछले महीने सैकड़ों कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद गूगल ने एक बार फिर से 200 कर्मचारियों की छंटनी की है. कई दूसरी कंपनियां भी कर्मचारियों को काम से निकाल रहे है.**

टेक दिग्गज गूगल (Google) में फिर से छंटनी की खबरें सामने आ रही हैं. रिपोर्टों के मुताबिक, कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है. गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है.

बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस कर रही हैं. एक बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद इसी वजह से कर्मचारियों की भी छंटनी हो रही है.

इस वजह से कंपनी कर रही 'स्मॉल एडजस्टमेंट'
गूगल के इस कदम की जानकारी द इन्फॉर्मेशन ने अपनी रिपोर्ट में दी है. बताया जा रहा है कि कंपनियां डेटा सेंटर और एआई डेवलपमेंट पर खर्च कर रही हैं. इसके चलते कई पुराने सेगमेंट्स खत्म हो रहे हैं या वहां कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है. रॉयटर्स को दिए एक बयान में गूगल ने इन बदलावों को 'स्मॉल एडजस्टमेंट' बताया. इनका मकसद सहयोग को अधिक बढ़ावा देना और ग्राहकों को कितनी जल्दी सेवाएं दी जा रही हैं, इसमें सुधार करना है.

पिछले महीने भी की थी छंटनी
बता दें कि गूगल ने पिछले महीने ही प्लेटफॉर्म और डिवाइस डिवीजन से सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया था, जिसमें एंड्रॉइड, पिक्सेल और क्रोम शामिल थे. गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने 2023 की शुरुआत में 12,000 कर्मचारियों की छाटनी किए

जाने के अपने प्लान का ऐलान किया था, जो कंपनी के टोटल वर्कफोर्स का लगभग 6 परसेंट है. दिसंबर 2024 तक गूगल में कर्मचारियों की संख्या 183,000 से अधिक थी.

कई दूसरी कंपनियों ने भी निकाले लोग

गूगल में इस बड़े पैमाने पर हो रही छंटनी टेक सेक्टर के एक नई दिशा में रुख करने की ओर इशारा करती है. इस साल की शुरुआत में ही मेटा ने खराब परफॉर्मेंस करने वाले 5 परसेंट कर्मचारियों की छंटनी की थी. माइक्रोसॉफ्ट ने अपने एक्सबॉक्स डिवीजन में कटौती की, अमेजन ने कई यूनिट्स में लोग कम किए और एप्पल ने अपनी डिजिटल सर्विस विंग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती की.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.